# हिन्दी विभाग
# डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर
## Scheme of B.A. Programme in Hindi under CBCS System
## Objectives and Learning Outcomes of B.A. in Hindi

| हिन्दी विभाग | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Class** | **Subject** | **Semester** | **Course Code** | **Course Title** | **Marks** | **Credit** |
| **B.A.** | **हिन्दी** | **III** | **HIN-SE-311** | **रचनात्मक लेखन (क)** | **MID - 40**<br>**End Sem-60** | **02** |

**Course Objectives -** इस पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनाशीलता को विकसित करना है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थी रचनात्मक लेखन के अर्थ, स्वरूप और उद्देश्य से परिचित होंगे साथ ही लेखन की पूरी प्रक्रिया को भी समझ सकेंगे। जिससे उनमें विधागत लेखन की समझ और क्षमता विकसित होगी, साथ ही यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों में आम बोलचाल की भाषा,शास्त्र की भाषा तथा साहित्य की भाषा के मध्य अंतर की समझ को विकसित करने में सहायक सिद्ध होगा और विद्यार्थियों की सामाजिक आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक चेतना का परिष्कार करेगा।

**Course learning Outcomes: -** इस पाठ्यक्रम के समापन पर विद्यार्थी -

**इकाई - 1** विद्यार्थी रचनात्मक लेखन के अर्थ और स्वरुप से परिचित होकर इसके महत्व हो समझ सकेंगे, साथ उनमें रचनात्मक लेखन के प्रमुख तत्वों और व्यापक उद्देश्य की समझ भी विकसित होगी। साथ ही उनका कविता, कथा और नाटक इत्यादि के क्षेत्र में अभिव्यक्ति कौशल विकसित होगा।

**इकाई - 2** इस क्रम में विद्यार्थी रचनात्मक लेखन के उद्देश्य, प्रक्रिया और समस्याओं से रुबरू होंगे तथा उनमें साहित्य, पत्रकारिता एवं गद्य लेखन के क्षेत्र में रचनात्मक लेखन के प्रति समझ विकसित होगी।

**इकाई -3** प्रस्तुत इकाई में विद्यार्थी रचनात्मक लेखन में समाज की महत्वपूकर्ण भूमिका को समझ सकेंगे। साथ ही उनमें अपने परिवेश की सामाजिक,आर्थिक, राजनीतिक और वर्गीय चेतना के प्रति स्पष्ट दृष्टिकोण का विकास होगा।

**इकाई - 4** इस इकाई में विद्यार्थी रचनात्मक लेखन में प्रतिभा, अध्ययन और अभ्यास के महत्व को समझते हुए भाषा की रचना प्रक्रिया की सूक्ष्मताओं को समझ सकेंगे, जिससे उनके लेखन एवं अभिव्यक्ति कौशल में निश्चित ही निखार आयेगा और शब्द की महत्ता से भी वे परिचित हो सकेंगे।

**इकाई- 5** इस इकाई में विद्यार्थी रचनात्मक लेखन के विभिन्न आधुनिक रुपों और उनसे सम्बंधित माध्यमों से परिचित हो पायेंगे तथा इस से उनमें पत्र- पत्रिकाओं के लिये लेखन के साथ ही संचार के अन्य माध्यमों जैसे रेडियों और टेलिविजन,ट्वीटर, ब्लाग़, फेसबुक इत्यादि में लेखन की समझ विकसित होगी।

# हिन्दी विभाग
# डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर
## Scheme of B.A. Programme in Hindi under CBCS System
## Objectives and Learning Outcomes of B.A. in Hindi

| हिन्दी विभाग | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Class** | **Subject** | **Semester** | **Course Code** | **Course Title** | **Marks** | **Credit** |
| **B.A.** | **हिंदी** | **IV** | **HIN-SE-411** | **रचनात्मक लेखन -ख** | **MID - 40**<br>**End Sem-60** | **02** |

**Course objectives:**

इस पाठ्यक्रम में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को हिन्दी साहित्य की रचनात्मक विधाओं के परिचय के साथ हिन्दी साहित्य लेखन के रचनात्मक स्वरूप का आधुनिक सन्दर्भ में अध्ययन विश्लेषण किया जायगा | हिन्दी की वृहद काव्य परम्परा के संरचनात्मक संवेदनात्मक विवेचन के साथ हिन्दी कथा साहित्य, हिन्दी नाट्य साहित्य, हिन्दी निबंध, संस्मरण, व्यंग्य, रिपोर्ताज आदि की रचनात्मकता का अध्ययन किया जायगा | हिन्दी की रचनात्मकता के साथ आधुनिक संचार एवं सूचना-तंत्र के लिए प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया जिनमे  सिनेमा टेलीविजन और विज्ञापन के लिए लिखना इस प्रश्न पत्र के केंद्र में है | इस पाठ्यक्रम के अध्ययन से विद्यार्थियों में रचनात्मक साहित्य के साथ आधुनिक जनसंचार मीडिया के विभिन्न माध्यमों के लिए लेखन का व्यवहारिक अनुभव होगा जिससे विद्यार्थी हिन्दी शिक्षण के साथ आधुनिक मीडिया में भी सक्षमता से रोजगार हासिल कर सकेंगे |

**Course Learning Outcomes**:  इस पाठ्यक्रम के सफल समापन पर छात्र -

**UNIT-1** इस इकाई में हिन्दी भाषा के रचनात्मक लेखन की प्रमुख विधाओं कविता, कहानी, उपन्यास, नाट्य साहित्य, निबंध, संस्मरण, व्यंग्य और रिपोर्ताज आदि का अध्ययन विश्लेषण कर सकेंगे |

**UNIT-2** इस इकाई में हिन्दी में विकसित हुई विभिन्न आधुनिक गद्य विधाओं की आधारभूत संरचना के अध्ययन से परिचित हो सकेंगे  | (इनमे निबंध, संस्मरण, व्यंग्य, रिपोर्ताज के साथ बाल साहित्य भी शामिल है )

**UNIT-3** इस इकाई में आधुनिक जनसंचार माध्यमों के लिए लेखन जैसे फीचर लेखन, यात्रा-वृतांत, साक्षात्कार और पुस्तक समीक्षा से परिचित हो सकेंगे |

**UNIT-4** इस इकाई में विद्यार्थियों को इलेक्ट्रानिक मीडिया के लिए लेखन का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जायगा जिससे विद्यार्थी इन क्षेत्रों में रोजगार हासिल कर सकें | इसके तहत रेडियो टेलीविजन के साथ सिनेमा की पटकथा लेखन को समझ सकेंगे |

**UNIT- 5** इस इकाई में हिन्दी की रचनात्मकता के वैकल्पिक एवं लोकप्रिय माध्यमों में विज्ञापन एवं जिंगल्स लेखन का अध्ययन विश्लेषण किया जाएगा, जिससे विज्ञापन उद्योग के आधुनिक क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने लिए तैयार हो सकेंगे |

**हिन्दी विभाग**

**डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर**

**Scheme of B.A. Programme in Hindi under CBCS System**

**Objectives and Learning Outcomes of B.A. in Hindi**

| **हिन्दी विभाग** | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Class** | **Subject** | **Semester** | **Course Code** | **Course Title** | **Marks** | **Credit** |
| **B.A.** | **हिन्दी** | **V** | **HIN-SE-511** | **विज्ञापन और हिंदी** | **MID - 40 End Sem-60** | **02** |

**Course Objectives: -** इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञापन के अर्थ ,स्वरुप और महत्व से परिचित करवाते हुए उन्हें विज्ञापन लेखन की प्रक्रिया से परिचित करवाना है। इस पाठयक्रम के माध्यम से विद्यार्थी ब्रांड निर्माण में विज्ञापन की भूमिका और विज्ञापन के प्रभावों से परिचित होने के साथ - साथ उनमें आधुनिक विज्ञापन और हिंदी भाषा के अंत: सम्बंधों की समझ भी विकसित होगी।

**Course learning Outcomes: -** इस पाठ्यक्रम के  समापन पर विद्यार्थी

इकाई - 1 इस इकाई में विद्यार्थी विज्ञापन के अर्थ, परिभाषा और उसके विभिन्न प्रकारो से परिचित हो सकेंगे।

इकाई - 2 इस इकाई के अंतर्गत विद्यार्थी विज्ञापन के सामाजिक और व्यवसायिक महत्व को समझते हुए, उत्पादों की मार्केटिंग और ब्रांड निर्माण की प्रक्रिया को समझ सकेंगे।

इकाई -3 इस इकाई में विद्यार्थी प्रायोजित कार्यक्रमों के रूप में विज्ञापनों के नये संदर्भो को समझने सकेंगे।

इकाई - 4 इस इकाई के अंतर्गत विद्यार्थी संचार के विविध माध्यमों जैसे अखबार, रेडियो, टेलिविजन, मोबाइलआदि के अनुसार तैयार किये जानें वाले विज्ञापनों के स्वरूप और प्रकार को समझ सकेंगे।

इकाई - 5 इस इकाई के तहत विद्यार्थी विज्ञापन लेखन की भाषा, शैली और संरचना से परिचित होंगे, और विज्ञापन की सफलता में विज्ञाओअन लेखन की महत्वपूर्ण भूमिका को भी जान सकेंगे।

# हिन्दी विभाग
# डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर
## Scheme of B.A. Programme in Hindi under CBCS System
## Objectives and Learning Outcomes of B.A. in Hindi

| हिन्दी विभाग | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Class** | **Subject** | **Semester** | **Course Code** | **Course Title** | **Marks** | **Credit** |
| **B.A.** | **हिन्दी** | **VI** | **HIN-SE-611** | **साहित्य और सिनेमा** | **MID - 40**<br>**End Sem-60** | **02** |

**Course Objectives: -** इस कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को हिंदी सिनेमा के गौरवशाली इतिहास से परिचित करवाना है। इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थी हिंदी सिनेमा और साहित्य के अंतरसम्बन्धों को समझते हुए साहित्य पर केंद्रित सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्मों का साहित्यिक और सिनेमाई दृष्टि से अध्ययन करेंगे। जिससे उनमें साहित्य और सिनेमा के व्यापक सामाजिक उद्देश्यों की समझ विकसित होगी।

**Course learning Outcomes: -** इस पाठ्यक्रम के समापन पर विद्यार्थी

**इकाई-1** इस प्रथम इकाई में विद्यार्थी विश्व सिनेमा के उदय की पृष्ठभूमि को समझते हुए साहित्य और सिनेमा की सामाजिक भूमिका पर विचार कर सकेंगे।

**इकाई -2** इस इकाई के अंतर्गत विद्यार्थी उमराव जान, चित्रलेखा, देवदास और शतरंज के खिलाडी जैसी (साहित्य केंद्रित) महत्वपूर्ण फिल्मों का साहित्यिक दृष्टि से मूल्यांकन करेंगे।

**इकाई -3** इस इकाई के अंतर्गत विद्यार्थी हिंदी सिनेमा के संक्षिप्त इतिहास से परिचित होंगे, और जानेंगे कि कैसे हर दौर का सिनेमा अपने समकालीन समाज से प्रभावित होता है।

**इकाई - 4** इस इकाई के तहत विद्यार्थी साहित्य और सिनेमा के अंतरसम्बंधों पर विचार करेंगे, उनमें साहित्यिक रचना के सिनेमाई रुपांतरण के तकनीकी पहलुओं की समझ विकसित होगी।

**इकाई - 5** इस अंतिम इकाई के अंतर्गत विद्यार्थी मदर इंडिया, तारे जमीं पर और हिंदी मीडियम जैसी सफल फिल्मों का समीक्षात्मक दृष्टि से अध्ययन करेंगे।